कक्षाएँ 1 और 2

Public education
Discover a world of opportunities

संख्याएँ: घर पर सीखना

संख्याओं के खेलों से सम्बन्धित सुझाव

बैलून टैप

गिनती करें कि आप कितनी बार बैलून (गुब्बारे) को फर्श पर बिना गिराए हवा में बार-बार उछाल सकते/सकती हैं। इसके फर्श पर छूने पर खेल दुबारा शुरू करें।

डोमिनोज़

डॉट्स (बिंदुओं) की गिनती करें और इनका मेल करें।

बोर्ड गेम्स

बोर्ड पर अपनी चाल चलते समय स्पेसिस की गिनती करें। पूछें: *फिनिश (खेल खत्म होने) से पहले आपकी कितनी स्पेसिस बाकी बची हैं?*

इलेक्ट्रॉनिक गेम्स

एडवेन्चर गेम्स, टैबलेट एप्लीकेशन्स, वेब-आधारित प्रतियोगिताएँ और स्पोर्टिंग गेम्स शामिल करें। अपने बच्चों के साथ कम्प्यूटर एडवेन्चर गेम्स खेलें और सवाल पूछें जैसे कि: *अगले लेवल तक जाने के लिए आपको कितने स्टॉर्स की ज़रूरत होगी?*

स्कैवेन्जर हंट

उन चीज़ों की सूची लिखें जिन्हें आपके घर और बाग के आसपास आपके बच्चे खोजें। उदाहरणत: *तीन गमनट, चार भूरे रंग के पत्ते, एक लाल पत्ता, कपड़े टाँगने की पांच खूंटियाँ, दो लाल ब्लॉक और एक शेल।*

डाइस गेम्स (पासे के खेल)

दो (या दो से अधिक) डाइस का प्रयोग करें और मिलकर संख्याओं को जोड़ने का अभ्यास करें। बिना गिने कुल डॉट्स की पहचान करने के लिए अपने बच्चों का प्रोत्साहन करें।

नंबर प्लेट खोजना

वे कार नंबर प्लेटें तलाशें जिनमें 1 लिखा हो। फिर एक ऐसी प्लेट ढूंढें जिसमें 2 लिखा हो, फिर 3 वाली प्लेटें और क्रम जारी रखें। उन्हें प्लेट में लिखी संख्याओं को जोड़ने के लिए कहकर या सबसे छोटी संख्या को सबसे बड़ी संख्या से हटाने के लिए कहकर इस खेल को और अधिक मनोरंजक बनाएँ।

रहस्यमय नंबर

कोई संख्या सोचें। संकेत देने के साथ-साथ अपने बच्चों को इस संख्या का अंदाजा लगाने को कहें; उदाहरणत: *मेरी संख्या 10 से ज्यादा है पर 19 से कम है। यह एक सम संख्या है। कभी-कभी इसे एक दर्जन कहा जाता है।* इस खेल के अधिक अग्रिम संस्करण के लिए, आप रहस्यमय नंबर का पता लगाने के लिए जोड़, घटाव और गुणन से सम्बन्धी अंदाज़ों को शामिल कर सकते हैं।

कार्ड गेम्स

स्नैप खेलें! यह संख्याओं का मिलान करना सीखने के लिए बहुत बढ़िया है। दो संख्याओं को जोड़कर 10 बनने वाली संख्याओं का मिलान करते हुए स्मरण-शक्ति से सम्बन्धित खेल खेलें, उदाहरणत: *3 व 7, 4 व 6, और 5 व 5।*

Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी
education.wa.edu.au पर
होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015 CC BY